न्यायधीश राकेश कुमार जैन के समक्ष

श्रीमती करनैल कौर , – अपीलकर्ता / याचिकाकर्ता

बनाम

श्रीमती बलबीर कौर , – उत्तरदाता आर.आस.ए 2008 का 1207

8 दिसंबर, 2008

नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 – हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 – हरियाणा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 – नियम 1.71 – सरपंच के पद के लिए चुनाव – अपीलकर्ता और प्रतिवादी ने हासिल की वोटों की समान संख्या – एक सिक्के की घोषणा के टॉस द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर ने उत्तरदाता को सरपंच के रूप में चुना - 1994 के अधिनियम या नियम में कोई प्रावधान नहीं है जिसके तहत रिटर्निंग ऑफिसर इस परिस्थिति में निर्णय ले सकता है जहां वोटों की समानता है या एक सिक्के के टॉस के माध्यम से एक टाई – प्रावधान 71 यह प्रदान करते हैं कि वोटों की समानता के मामले में परिणाम केवल टॉस के आधार पर होना चाहिए – रिटर्निंग ऑफिसर की कार्रवाई जिसके तहेत एक सिक्के के टॉस द्वारा प्रतिवादी को चुना गया है साफ तौर पर अवैध है – अपील की अनुमति, नीचे दिए गए दोनों न्यायालयों के निर्णय और फरमान रद कर दिए गए।

यह निर्धारित किया गया की ना तो अधिनियम और ना ही किसी नियम के तहत कोई प्रावधान है जहां वोटों की समानता या एक सिक्के के टॉस के माध्यम से एक टाई होने की परिस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर निर्णय ले सकता हो। हालांकि यह स्वीकार किया जाता है कि जहां भी टाई हो, तो इस प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए नियमों के नियम 71 को बनाया गया था। (पैरा 9)

आगे निर्धारित किया की निर्धारित कानून के अनुपात से हरबन सिंह बनाम पंजाब राज्य और अन्य, 1982 PUT 415 और ओम पार्काश लांबा बनाम पंजाब राज्य और दूसरे, 1962 वक्र. एल.जे. 152 में यह स्पष्ट है कि पर्ची खींचने का अर्थ है की जिस उम्मीदवार के पक्ष में यह पर्ची खींची जाएगी उसके पक्ष में इसे अतिरिक्त वोट माना जाएगा और यह पर्ची खींचने का कार्य तुरंत करना चाहिए, जिसका अर्थ है कि इसका अगला तत्काल कदम होना चाहिए। वाक्यांश पर्ची खींचने का यह अर्थ होगा: एक नंबर से एक चीज

को चित्रित करके एक घटना का निर्धारण करना जिनके अंक खींचने वाले से छुपाए जाते हैं। पर्ची खींचने का सार यह है कि खींचने वाला खुद परिणाम के साथ असंबद्ध दिखाई देना चाहिए और वह संख्या जिसमें से वह चयन करेगा वह भी उससे छुपाए जाते हैं। यह आगे आयोजित किया जाता है कि टॉस के उद्देश्य के लिए हवा में एक सिक्का फेंकना से खींचने वाले की परिणाम को निर्धारित करने की संभावना रहती है। इसके अलावा, क़ानून में टॉस करने का प्रावधान प्रदान नहीं किया गया है और नियम 71 की सादी और सरल भाषा प्रदान करती है ("पर्ची के द्वारा ") की रिटर्निंग ऑफिसर की कार्रवाई अवैध थी जिसमे उन्होंने सूची में शामिल पार्टियों के भाग्य का फैसला, जिसमे वोटों की समानता के कारण उनका टाइ हो गया था को सिक्के को उछाल कर किया था।

(पारस १३)

अमित सिंगला, एडवोकेट अपीलकर्ता के लिए.

राज इंदर माथुर, वकील प्रतिवादी के लिए

न्यायधीश राकेश कुमार जैन,

(1) इस अपील में निम्नलिखित पर्याप्त प्रश्न शामिल हैं: –

(i) क्या हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 और हरियाणा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 के तहत सरपंच या पंच के चुनाव में वोटों की समानता या टाइ की स्तिथि में, रेतूरनिंग अधिकारी को सिक्का उछाल कर या पर्ची खींच कर निर्णय लेना चाहिए ?

(ii) क्या हरियाणा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 में कोई भी प्रावधान ना होने के कारण, रेतूरनिंग अधिकारी के पास यह अधिकार क्षेत्र है की वोह उमीदवारों की समान वोटों की परिस्थिति में सिक्का उछाल कर निर्णय ले?

(2) अपीलकर्ता का मामला यह है कि वह एक स्थायी निवासी है गांव लुथेरा, तहसील राटिया में वोट नं. 196 सीरियल नंबर 56 में वार्ड नं. 2। यह आरोप लगाया गया है कि 9 अप्रैल, 2005 को, ग्राम पंचायत, लुथेरा के सरपंच के पद के लिए चुनाव हुए और मतदान सरकारी प्राथमिक विद्यालय, लुथेरा में हुआ जहां 456 वोट मतदान किए गए। रिटर्निंग ऑफिसर ने 222 वोटों की अपीलकर्ता

के पक्ष में घोषणा की, 220 वोट की प्रतिवादी के पक्ष में घोषणा की, 13 वोट रद्द कर दिए गए, एक वोट गायब पाया गया और अपीलकर्ता को दो वोटों के अंतर से विजेता घोषित कर दिया गया

लेकिन बाद में, परिणाम रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा बदल दिया गया था जिसने घोषणा की कि अपीलकर्ता और प्रतिवादी दोनों ने 219 वोट हासिल किए हैं, 17 वोट अमान्य थे, एक वोट गायब पाया गया और चूंकि वोटों की समानता और एक टाई थी, एक सिक्के के टॉस द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत), जो प्रतिवादी के पक्ष में गिरा, उसे सरपंच घोषित किया। अपीलकर्ता ने अधिनियम की धारा 176 के तहत प्रतिवादी के चुनाव को चुनाव याचिका दायर करके चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त सिविल जज (श्री. प्रभाग) राटिया ने अपने आदेश, दिनांक 12 अप्रैल, 2007 द्वारा उसे खारिज कर दिया था। अपीलकर्ता ने तब अपील दायर की, जिसे विद्वान जिला न्यायाधीश, फतेहबाद ने अपने फैसले दिनांक 8 नवंबर, 2007 खारिज कर दिया।

(3) वर्तमान अपील में, अपीलकर्ता के वकील ने निर्णय दिनांक 12 अप्रैल, 2007, और अपीलीय न्यायालय के आदेश दिनांक 8 नवंबर, 2007 को और रेतूरनिंग ऑफिसर की कारवाई जिसमे उसने प्रतिवादी को सिक्का उछाल कर विजेता घोषित किया, इस आधार पर चुनौती दी की ना तो हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 (संक्षेप में 'अधिनियम' के लिए) और ना ही हरियाणा पंचायती राज चुनाव नियम, 1994 में टॉस का कोई प्रावधान (संक्षेप में 'नियम') है। बल्कि यह आरोप लगाया जाता है कि एक विशिष्ट नियम 71 के अनुसार वोटों की समानता के मामले में परिणाम केवल पर्ची खींच कर लिया जाना चाहिए।

(4) यह सही है कि वोट या एक टाई की समानता की आकस्मिकता से निपटने के लिए, नियम 71 नियमों में प्रदान किया गया है, जिसको तैयार संदर्भ के लिए पुन: प्रस्तुत किया जाता है :-

"नियम 71-वोटों की समानता। – यदि, वोटों की गिनती के बाद किसी भी उमीदवार के बीच वोटों की समानता मौजूद पाई जाती है और एक वोट के जुडने से किसी भी उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित किया जा सकता है, तो रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) को उन उम्मीदवारों के बीच तुरंत पर्ची खींच कर निर्णय ले लेना चाहिए और ऐसे आगे बढ़ना चाहिए जैसे की जिस उमीदवार के नाम पर्ची आई है उसे एक अतिरिक्त वोट मिल गया हो।

(5) अब सवाल यह है कि क्या रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) को नियमों के नियम 71 के आधार पर या टॉस के माध्यम से निर्णय लेना चाहिए.

(6) अपीलकर्ता के विद्वान वकील ने हरबंस सिंह बनाम पंजाब राज्य और अन्य[1] और ॐ प्रकाश लंबा बनाम पंजाब राज्य और अन्य[2] के मामले में दिए गए इस न्यायलाये के निर्णय पर भरोसा किया है और तर्क दिया है की चूंकि नियमों में टॉस के माध्यम से चुनाव का फैसला करने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए, रेतूरनिंग ऑफिसर (पंचायत) की कारवाई अवैध थी क्यूंकी उन्हे लाटरी के माध्यम से दोनों के बीच बराबरी का फैसला करना था।

(7) इसके विपरीत, प्रतिवादी के विद्वान वकील ने तर्क दिया है की लाटरी या टॉस द्वारा निर्णय एक ही बात है। उन्होंने ने लॉट के शबदकोश अर्थ पर भरोसा किया - ला लेक्सिकॉन में यह प्रदान किया गया है जो कहता है की- " लॉट का मतलब है ऐसी युक्ति का होना जो संयोग से प्रश्न को निर्धारित करे या मनुष्य की इच्छा या मर्जी के बिना "। इस प्रकार यह तर्क दिया जाता है की सिक्का उछालना भी एक संयोग का मामला है, इसलिए रेतूरनिंग ऑफिसर (पंचायत) की कारवाई कानून के मापदंडों के भीतर है।

(8) मैंने दोनों पक्षों के विद्वान वकीलों को सुन लिया है और उनके संबंधित विवादों पर विचारपूर्वक विचार किया है।

(9) यह एक स्वीकृत तथ्य है की अधिनियम के तहत या नियमों के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमे रतूरनिंग ऑफिसर (पंचायत) मतों की समानता या बराबरी की स्तिथि में सिक्का उछालकर निर्णय ले सकता है। यह अन्यथा स्वीकृत स्तिथि है की जहां भी कोई बराबरी हो तो नियमों के नियम 71 को इस स्तिथि से निपटने के लिए ही बनाया गया था।

(10) हरबंस सिंह के मामले में, पंजाब ग्राम पंचायत चुनाव नियम, 1960 के तहत चुनाव आयोजित किया गया और पक्षों के बीच टाइ हो गया। पंजाब ग्राम पंचायत चुनाव नियम, 1960 का नियम 33, रेतूरनिंग ऑफिसर को टाइ के मामले में दिशा निर्देश प्रदान करता है।

"टाई के मामले में प्रक्रिया। – यदि वोटों की गिनती के पूरा होने के बाद , वोटों की समानता पाई जाई

---

[1] 1982 P.L.J. 415

[2] 1962 Cur. L.J. 152

कोई भी उम्मीदवार में , और एक वोट जोड़ने से उनमें से कोई भी उम्मीदवार निर्वाचित घोषित होने का हकदार हो जाएगा, पीठासीन अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी, जैसा भी मामला हो, तुरंत उन उम्मीदवारों के बीच लॉटरी द्वारा निर्णय करेगा, और आगे बढ़ें जैसे कि जिस उम्मीदवार पर लॉटरी निकलती है उसे एक अतिरिक्त वोट प्राप्त हुआ है।"

(11) उक्त मामले में, यह माना गया कि निकाली गई लॉटरी उस उमीदवार के पक्ष में एक अतिरिक्त वोट हासिल करने के समान होगी जिसके पक्ष में लॉटरी निकली है। आगे यह माना गया कि नियम की अनिवार्य भाषा यह है कि लॉट का रेखांकन तुरंत होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह अगला तत्काल कदम होना चाहिए। इसलिए, निश्चितता कानून के आवश्यक गुणों में से एक होने के नाते, नियम की व्याख्या जो शिथिलता और अटकलों को जन्म दे सकती है, को त्यागना होगा, और इसके बजाय इसे एक दृढ़ और सीधे आधार पर रखना होगा।

(12) ओम प्रकाश लांबा (सुप्रा) के मामले में, चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच एक टाई थी। इस आकस्मिकता को पूरा करने के लिए नगरपालिका चुनाव नियमों में नियम 49(1) प्रदान किया गया है जो कहता है कि यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों को समान संख्या में वोट मिलते हैं, तो बैठक के अध्यक्ष एक बार उम्मीदवारों के बीच बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी निकालकर निर्णय लेंगे । उक्त मामले में, बैठक के अध्यक्ष ने लॉटरी निकालने के बजाय एक सिक्का उछाला और उसमें प्रतिवादी को चुना गया। उक्त मामले में, विजेता उम्मीदवार के वकील द्वारा यह तर्क दिया गया था कि टॉस करने की प्रक्रिया, लॉटरी निकालने के संचालन के साथ सामंजस्य स्थापित करती है, क्योंकि दोनों में संयोग का तत्व शामिल होता है। हालाँकि, विद्वान न्यायालय ने पाया कि पृष्ठ 388 पर खंड 13 के अनुसार, शब्दों और वाक्यांशों में "लॉट निकालने के लिए" ; वेबस्ट द्वारा कहा गया है, जिसका अर्थ है:" एक संख्या से एक चीज़ निकालकर एक घटना का निर्धारण करना जिसके अंक पर्ची खींचने वाले से छिपे हुए हैं"। लॉटरी निकालने का सार यह है कि ड्रा करने वाले को स्वयं परिणाम से बेपरवाह दिखना चाहिए और जिन नंबरों से उसे चयन करना है वे उससे छिपाए जाएं। यह माना गया कि हवा में एक सिक्का फेंकने पर, सिक्का उछालने वाला परिणाम निर्धारित करने की स्थिति में हो सकता है। आगे यह माना गया कि यह अच्छी तरह से हो सकता

है कि राज्य सरकार किसी लोकतांत्रिक सभा के अध्यक्ष के चुनाव में "उछालने" की प्रक्रिया को अशोभनीय या अनुचित नहीं मानना चाहती थी।

(13) हरबंस सिंह (सुप्रा) और ओम प्रकाश लांबा (सुप्रा) के मामले में उपरोक्त निर्णयों से यह स्पष्ट है कि निकाली गई लॉटरी उस उम्मीदवार के पक्ष में अतिरिक्त वोट हासिल करने के बराबर होगी जिसके पक्ष में लॉट है और लॉट का रेखांकन तुरंत किया जाना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह अगला तत्काल कदम होगा। लॉट निकालने के वाक्यांश का अर्थ यह होगा: किसी संख्या में से एक चीज़ निकालकर घटना का निर्धारण करना, जिसके अंक पर्ची खींचने वाले से छिपे हुए हैं। लॉटरी निकालने का सार यह है कि निकालने वाले को खुद ही परिणाम से बेपरवाह दिखना चाहिए और जिन नंबरों से उसे चयन करना है वे नंबर उससे छिपाए जाएं। आगे यह माना जाता है कि सिक्के को उछालने के उद्देश्य से हवा में फेंकने से खींचने वाले द्वारा परिणाम निर्धारित करने की संभावना होती है। इसके अलावा, एक बार जब क़ानून में ही टॉस करने का प्रावधान नहीं दिया गया है और नियम 71 की भाषा स्पष्ट और सरल है ("लॉट द्वारा"), तो रिटर्निंग ऑफिसर की कार्रवाई स्पष्ट रूप से अवैध थी, जिससे उन्होंने लिस के उन दलों के भाग्य का फैसला सिक्का उछालकर किया था, जिनके वोटों की समानता के कारण बराबरी थी।

(14) उपरोक्त चर्चा के मद्देनजर, वर्तमान अपील को अनुमति दी जाती है और नीचे दिए गए दोनों न्यायालयों के आक्षेपित आदेश और निर्णय और डिक्री को रद्द कर दिया जाता है। नतीजतन, रतिया तहसील के सरपंच लुथेरा पद के प्रतिवादी का चुनाव भी रद्द कर दिया गया है। यह भी निर्देशित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लुथेरा, तहसील रतिया के सरपंच पद के लिए नया चुनाव नियम के नियम 71 के प्रावधानों के अनुसारइस आदेश की प्राप्ति की तारीख से पंद्रह दिनों की अवधि के भीतर किया जाएगा।

(15) मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में, पार्टियों को अपनी लागत स्वयं वहन करने के लिए छोड़ दिया गया है।

अस्वीकरण :- स्थानीय भाषा में अनुवादित निर्णय वादी के सीमित उपयोग के लिए है ताकि वह अपनी भाषा में इसे समझ सके और किसी अन्य उदेश्य के लिए इसके उपयोग नहीं किया जा सकता है। सभी व्यावहारिक और आधिकारिक

उदेशयों के लिए निर्णय का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक होगा और निष्पादन और कार्यान्वयन के उदेश्य के लिए उपयुक्त होगा।

सरू गोयल

प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी

(Trainee Judicial Officer)

पानीपत, हरियाणा